साप्ताहिक
न्यूज क्राइम फाइल
मूल्य- 02 रूपये
ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

# विकास से विंध्य क्षेत्र की बदलेंगे तकदीर : सीएम



उदय प्रताप सिंह चौहान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास यज्ञ चल रहा है। विकास का यह कारवां अब रूकेगा नहीं, बल्कि और तेजी से यूं ही चलता रहेगा। विंध्य के विकास में सरकार कोई कसर नहीं रखेगी और हम सब मिलकर विकास परियोजनाओं के जरिए इस क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए त्योंथर में 400 एकड़ उपलब्ध भूमि पर नया औद्योगिक प्रक्षेत्र बनाने, त्योंथर के सिविल अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेडेड करने, त्योंथर में आईटीआई का निर्माण और तमस नदी के तट पर रिवर कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने निवेशक फर्म आईओसीजीपीएस रिन्युएबल प्रायवेट लिमिटेड द्वारा करीब 125 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित किए जाने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा सड़क दुर्घटना में मृत जीना वर्मा के परिजन को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा के चाकघाट कृषि उपज मंडी में आयोजित %विंध्य विकास संकल्प% सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्री श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विंध्य क्षेत्र न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को रोशन करने में अग्रणी है। इस क्षेत्र ने विद्युत उत्पादन, सोलर पॉवर प्रोडक्शन और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

ऊर्जा उत्पादन में धनी यह क्षेत्र सच्चे अर्थों में देश की ऊर्जा धानी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की गतिविधियां तेजी से जारी हैं। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए त्योंथर को भी उद्योगों की सौगात मिल रही है। आज त्योंथर में 162 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने तीन उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिये भूमि आवंटन पत्र प्रदान किये। हमारी सरकार प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित करते हुए विद्यार्थी बच्चों को यूनिफार्म, किताबें, साइकिल, लैपटॉप और स्कूटी सहित स्कॉलरशिप भी दे रही है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण का बखूबी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि शेरों का बल, बीरबल की बुद्धि और विंध्य की वाणी हम सभी ने तुलसीदास जी के माध्यम से सुनी है।

यहां इन्वेस्टर श्री विनोद अग्रवाल भी आए हैं। ये 125 करोड़ लागत से कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगा रहे हैं। ये किसानों से पराली भी खरीदेंगे। अब किसानों को उनकी खेत में फसल अपशिष्ट (कचरा) से भी आय बढ़ेगी। खेत भी साफ हो जाएगा और पैसे भी मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े गणराज्य के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। वे ग्लोबल लीडर हैं, उन्होंने अपना जन्मदिन मध्यप्रदेश के जनजातीय अंचल धार में मनाया। यहां कपास उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए कपास से कपड़ा बनाने के लिए देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया। राज्य सरकार महिलाओं और युवाओं को विंध्य की धरती पर ही रोजगार दिलाएगी, अब उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर 1500 रुपए दिए। आने वाली दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 रुपए देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए उन्हें भी सहायता राशि दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि में राज्य सरकार भी राशि मिलाकर किसानों को हर साल 12 हजार रूपए दे रही है। यह किसानों के आर्थिक स्वावलंबन में एक बड़ी सौगात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक बगिया मां के नाम योजना शुरू की है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बगिया विकसित करने के लिए प्रति हितग्राही 3 लाख रुपए की सहायता राशि देगी। राज्य सरकार दूध उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। दूध उत्पादन में प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर कामधेनु योजना में 25 गायें खरीदने पर हमारी सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपए का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सड़क हादसों के घायलों की सहायता के लिए राहवीर योजना और एयर एंबुलेंस की शुरुआत की है। यह सरकार की संवेदनशीलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। चित्रकूट सहित प्रदेश के जिस स्थान पर भगवान श्रीराम के चरण पड़े, उन्हें राम वन गमन पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों पर तीर्थ बनाने के साथ हम प्रदेश के हर नगर में गीता भवन भी बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में आईं माताओं-बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज त्योंथर को 162 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों की सौगात दी है। इसमें 28 करोड़ की लागत का चिल्लावाला पुल का निर्माण भी शामिल है। यहां छोटे-बड़े नदी-नालों सबमें 39 से अधिक पुल बने हैं। नए बायोगैस प्लांट से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात एक कर रोजाना नई सौगातें दे रहे हैं।



आज भारत सरकार की नीति आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती अर्चना जैन जी एवं रानी अवन्ति बाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विनोद मिश्रा जी ने निज निवास गणनायक पर सौजन्य भेंट की। मुलाक़ात के दौरान शिक्षा, नीति निर्माण एवं विकास से जुड़े विविध विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री

### जम्मू के बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा- राज्य सरकार किसानों के लिए व्यवस्था करे

# शिवराज सिंह चौहान बोले- जिसके खेत, उसकी रेत

न्यूज क्राइम फाइल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जम्मू कश्मीर के बाढ़ग्रस्त इलाकों में निरीक्षण करने पहुंचे। शिवराज सिंह चौहान ने आरएसपुरा के ग्राम बडयाल ब्राह्मण में बाढ़ प्रभावित किसान भाई-बहनों के साथ संवाद करते हुए राहत की घोषणाएं की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से इस आपदा से किसानों को निकालकर ले जाएगी। होम मिनिस्ट्री, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास, कृषि सहित सभी विभागों की टीम आई है। इन्होंने सर्वे किया है, वो अपनी रिपोर्ट देगी। नुकसान का आकलन चल रहा है। राज्य सरकार का ज्ञापन आएगा, इसके बाद हम राहत देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



**किसान अपने खेत की रेत बेचें, राज्य सरकार यह व्यवस्था करे**

शिवराज ने कहा कि कुछ काम ऐसे हैं, जो राज्य सरकार को करना है। हम आपदा में कोई राजनीति नहीं करेंगे। पहला काम है गरीबों को संकट से बाहर निकालना। रेत के मामले में राज्य स्तर पर फैसला कर लेना चाहिए कि जिसका खेत, उसकी रेत। रेत बची है, तो वही दे दो, यहां माइनिंग के नियम लागू न हों।

**एनडीआरएफ के प्रावधानों को लागू करेंगे**

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि एनडीआरएफ के अंतर्गत जो प्रावधान हैं, उनको हम लागू करेंगे। राज्य सरकार को केंद्र सरकार राशि देती है, जिसमें 75त्न हिस्सा केंद्र और 25त्न राज्य सरकार का होता है। आपदा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार के पास लगभग 2499 करोड़ रुपए है, उसका उपयोग सरकार करेगी। इसके अलावा जो जरूरत होगी, केंद्र सरकार उसके लिए सहायता करेगी।

**फसलों के नुकसान की भरपाई करेंगे**

शिवराज ने कहा कि एनडीआरएफ के तहत भगवान न करे, लेकिन कोई जान यदि चली जाए, तो 4 लाख रुपए की सहायता दी जाती है, विकलांग होने पर 74 हजार रुपए की राशि दी जाती है। गाद निकालना हो, 18 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है। पहाड़ खिसकने से निक्सन होने पर सीमांत किसानों को 47 हजार रुपए देने का प्रावधान है। मिर्च और धान जैसी फसल का नुकसान हुआ है, बीमित किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। राहत की राशि के अलावा हम फसल बीमा योजना की राशि देंगे।

**सब्जी, बागवानी फसलों पर 17 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर का प्रावधान**

सब्जी और बागवानी फसल के लिए सिंचित क्षेत्र में 17 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है, कृषि वानिकी के लिए 22,500 रुपए प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है। ये राशि राज्य सरकार के द्वारा बंटना है। दुधारू पशु के नुकसान पर 37500 रुपए, घोड़ा और बैल के नुकसान पर 32 हजार रुपए, बछड़ा, टट्टू और खच्चर के नुकसान के लिए 20 हजार रुपए का प्रावधान है। नहर क्षतिग्रस्त है, बांध के लिए भी राज्य सरकार केंद्र सरकार से बात करें।

**पीएम आवास योजना से 1 लाख 30 हजार रुपए मिलेंगे**

शिवराज ने कहा कि कई जगह मकान टूट गए हैं। 1 लाख 30 हजार रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के लिए दिए जाएंगे। टॉयलेट के अलग और मनरेगा की मजदूरी के लिए 40 हजार रुपए मेरा ग्रामीण विकास विभाग देगा। 5,101 मकान की जानकारी आई है, मैं यहां से जाते ही इनकी स्वीकृति दे दूंगा। सेल्फ हेल्प ग्रुप का काम यहां बहुत अच्छा है। यहां बहनों को नुकसान हुआ होगा। हम उसके लिए 76 हजार रुपए की राशि जारी करेंगे।

**मनरेगा में 150 दिनों की मजदूरी देने की मांग करेंगे**

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सड़कों के लिए भी राज्य सरकार ज्ञापन देगी, जिस पर उसकी व्यवस्था हम करेंगे। मनरेगा की मजदूरी 100 दिन की होती है, हम राज्य सरकार से अनुरोध करेंगे, 150 दिन की मजदूरी दी जाए। सीमा पर रहने वाले कई किसान, जो खेती तो कर रहे हैं, लेकिन उनका स्वामित्व नहीं है। राज्य सरकार प्रमाणित कर के दे दें, इतना करने से मैं उन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पात्र बना दूंगा। पीएम किसान सम्मान निधि की एक किश्त हम तुरंत जम्मू-कश्मीर के किसानों के खातों में हम डालेंगे।

**भेंट**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रोफ़ेसर कॉलोनी स्थित शासकीय आवास में सौजन्य भेंट की।

%विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश% के लिए सुझाव आमंत्रण एवं जन-जागरूकता हेतु जनपद गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आज सहभाग किया।
योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश


# अमित शाह से मिले विजयवर्गीय

## भोपाल में विधानसभा अध्यक्ष के घर सीएम और तोमर की बंद कमरे में आधे घंटे हुई चर्चा

**न्यूज क्राइम फाइल**

मप्र में बीजेपी के संगठन और सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों की सरगर्मी तेज है। इस बीच नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शुक्रवार को मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लिखा- आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी से भेंट कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। इस अवसर पर उनसे विविध समसामयिक और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। गृह मंत्री जी से प्रदेश की प्रगति के संदर्भ में भी चर्चा हुई।

**तोमर के घर सीएम ने की आधे घंटे चर्चा**

इधर, रीवा से लौटने के बाद सीएम डॉ मोहन यादव देर शाम भोपाल में प्रोफेसर कॉलोनी स्थित विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के घर पहुंचे। करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक सीएम और विधानसभा अध्यक्ष के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई।

**खराब सड़कों पर बीजेपी में मची है कलह**

बता दें कि ग्वालियर में लगातार सड़कें धंसने के मामले सामने आ रहे हैं। सड़कों की खराब हालत को लेकर ग्वालियर में खूब राजनीति हो रही है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दो दिन पहले प्रशासनिक अफसरों की बैठक में सड़कों को सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बाद कुछ सड़कों पर सुधार कार्य भी शुरू हुआ है।



# रिटायर्ड उपायुक्त विनोद रघुवंशी गिरफ्तार

## धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप में चार साल की सजा हुई थी

**न्यूज क्राइम फाइल**

2003 के शराब ठेका फर्जीवाड़ा मामले में आबकारी विभाग के सेवानिवृत्त उपायुक्त विनोद रघुवंशी को शाहपुरा पुलिस ने शुक्रवार को उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया था। उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। भोपाल जिला कोर्ट ने 7 जुलाई 2025 को उन्हें चार साल की सजा सुनाई थी। भोपाल की जिला अदालत ने उन्हें शराब ठेका फर्जीवाड़े के मामले में दोषी पाया था। उन्होंने एक फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और पार्टनरशिप डीड में हेरफेर की थी, जिससे एक पार्टनर को फर्म से बाहर कर दिया गया था।

**2023 में सजा के बाद अपील में गए थे**

2023 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने विनोद को तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद यह मामला अपील में गया और 2025 में उन्हें चार साल की सजा सुनाई गई। फर्जीवाड़ा के समय रघुवंशी जिला आबकारी अधिकारी थे।

**धारा 391 का जिक्र करते हुए याचिका खारिज**

कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 391 का हवाला देते हुए कहा कि अपीलीय अदालत को न्याय सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त गवाह बुलाने का अधिकार है, लेकिन इस मामले में



ऐसा नहीं लगता कि रघुवंशी को सबूतों की जानकारी नहीं थी। 2023 में इसलिए, हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।

**अब समझते हैं पूरा मामला**

फरियादी अजय अरोरा ने आरोपी के खिलाफ प्राइवेट कंप्लेंट दायर की थी। दरअसल, 5 मार्च 2002 को अजय अरोरा ने अशोक ट्रेडर्स फर्म में हिस्सेदारी ली थी और पार्टनरशिप डीड तैयार हुई थी। वह 18 प्रतिशत के हिस्सेदार थे। 6 मार्च 2002 को फर्म ने आबकारी के ठेके की नीलामी में हिस्सा लिया। आबकारी विभाग ने ठेके की नीलामी स्वीकार कर फर्म को ठेका आवंटित कर दिया। इससे फर्म को शराब के व्यवसाय का लाइसेंस मिल गया। आरोपी विनोद रघुवंशी और ओपी शर्मा ने धोखाधड़ी कर 6 मार्च 2003 की नकली पार्टनरशिप डीड तैयार कर अजय को हिस्सेदारी से बाहर कर दिया। आरोपियों ने फर्म के अन्य पार्टनर को लाभ पहुंचाने के लिए 6 मार्च से 11 मार्च 2003 के बीच भोपाल आबकारी कार्यालय के रिकॉर्ड में अजय का नाम हटाकर नकली पार्टनरशिप डीड लगा दी थी। इस मामले में फरियादी अजय की ओर से एडवोकेट विजय चौधरी और विवेक चौधरी ने पैरवी की है।

# दीदी बोलने से भड़की लड़की ने युवक को पीटा

**न्यूज क्राइम फाइल**

गोविंदपुरा इलाके में एक युवक की युवती ने पिटाई की, जिसका वीडियो सामने आया है। मारपीट करती युवती खुद को लेडी डॉन कहकर युवक को धमका रही है। उसने मोबाइल पर कॉल कर कहा कि तू खुदकुशी कर ले, नहीं तो मैं मार दूंगी। वीडियो वायरल होने का पता लगने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और गुरुवार को लिखित में शिकायत की। पुलिस ने आरोपी यशिका पटेल के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व धमकी का केस दर्ज कर लिया है।

**दीदी बोलने पर भड़क गई थी युवती**

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि छत्तीसगढ़ निवासी 23 वर्षीय हर्ष श्रीवास गौतमनगर में रहकर वीडियो एडिटिंग करता है। हर्ष ने कहा, दोस्त और उसकी गर्लफ्रेंड के झगड़े में उसने यशिका पटेल को दीदी कहकर समझाने का प्रयास किया।

**मारपीट कर वीडियो भी बनाया**

इस पर 11 सितंबर को गाली-गलौज व धमकी दी गई। 16 सितंबर को कैफे बुलाकर मारपीट की और वीडियो बना लिया। हर्ष के अनुसार युवती उसे केस में फंसाने की धमकी लंबे समय से दे रही है।

भारतीय जनता पार्टी जिला सिंगरौली के
नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष-भाजपा मप्र, विधायक- बैतूल




# अडाणी को क्लीन चिट मिलने के बाद क्या अब हिंडनबर्ग और राहुल गांधी माफी मांगेंगे

जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योग जगत के सबसे बड़े नामों में शुमार अडाणी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपों का स्वरूप इतना सनसनीखेज था कि देखते ही देखते शेयर बाज़ार में भूचाल आ गया। करोड़ों निवेशकों की मेहनत की कमाई रातों-रात डूब गई और भारत की वैश्विक आर्थिक साख पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश हुई। यह केवल एक कॉर्पोरेट विवाद नहीं था, बल्कि भारत की औद्योगिक प्रगति को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश थी। हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी। इसका सीधा असर यह हुआ कि निवेशकों का विश्वास हिल गया और शेयरों में भारी गिरावट दर्ज हुई। चिंता की बात यह थी कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने भी इस रिपोर्ट को सच मानकर इतना दुष्प्रचार किया मानो पूरा अडाणी समूह भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा हो। संसद से लेकर सड़क तक इस रिपोर्ट को हथियार बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई। इस राजनीतिकरण ने विदेशी निवेशकों में भी भ्रम फैलाया और भारत के कॉर्पोरेट जगत की विश्वसनीयता पर आघात पहुँचा। लेकिन लगभग दो साल की लंबी और गहन जाँच के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने साफ कह दिया है कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और आधारहीन थे। जाँच में पाया गया कि जिन वित्तीय लेन-देन को हिंडनबर्ग ने फर्जी बताया, वे सब कानूनी रूप से वैध ऋण और पुनर्भुगतान थे। न तो धन का गबन हुआ, न ही किसी अवैध पार्टी को फायदा पहुँचाया गया। यहाँ तक कि जाँच के दौरान लिए गए सभी ऋण ब्याज समेत वापस किए गए।



SEBI ने अपने आदेश में यह भी कहा कि इन लेन-देन को रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन या फर्जीवाड़ा नहीं कहा जा सकता। यानी, आरोपों का कोई कानूनी या आर्थिक आधार ही नहीं था।

देखा जाये तो हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते जो हुआ, वह किसी भी देश के उद्योग जगत के लिए चेतावनी है। अडाणी समूह के शेयरों में अचानक भारी गिरावट आई। छोटे-बड़े करोड़ों निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। यह नुकसान केवल अडाणी का नहीं था, बल्कि भारत के वित्तीय बाजार और निवेश माहौल का भी था। गौतम अडाणी ने स्वयं कहा कि इस विवाद से उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है कि आम निवेशकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह कथन उनकी व्यक्तिगत पीड़ा को दर्शाता है और यह भी बताता है कि एक सुनियोजित झूठ कितनी बड़ी आर्थिक तबाही ला सकता है।

देखा जाये तो हिंडनबर्ग की यह रिपोर्ट मात्र एक रिसर्च डॉक्युमेंट नहीं थी। यह स्पष्ट था कि इसके पीछे राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थ छिपे हुए थे। एक तरफ अमेरिकी और पश्चिमी ताकतें भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि और उसके वैश्विक प्रभाव से चिंतित थीं, दूसरी तरफ कुछ घरेलू राजनीतिक दलों ने इसे अपने लाभ के लिए हथियार बना लिया। इस साजिश का परिणाम यह हुआ कि भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने की कोशिश हुई। विदेशी मीडिया ने भी इस विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया। परंतु समय ने साबित कर दिया कि यह सब केवल भारत की औद्योगिक क्षमता को चोट पहुँचाने का प्रयास था।

अब जबकि सेबी की रिपोर्ट ने सभी आरोपों को झूठा सिद्ध कर दिया है, तो सबसे पहला कर्तव्य हिंडनबर्ग और उनके समर्थकों का बनता है कि वे भारत और निवेशकों से माफी मांगें। इसके साथ ही, भारत के विपक्षी दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या केवल राजनीतिक विरोध के लिए वे ऐसी अंतरराष्ट्रीय साजिशों का हिस्सा बन सकते हैं? लोकतंत्र में असहमति और आलोचना जरूरी है, लेकिन जब बात राष्ट्रहित और निवेशकों के विश्वास की हो, तो विपक्ष को भी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए।

हिंडनबर्ग रिसर्च तो अपनी कंपनी बंद कर चुका है, लेकिन उसकी अप्रमाणित रिपोर्ट के आधार पर देश की संसद का पूरा सत्र ठप करने वाले विपक्षी दल आज भी सक्रिय हैं। उस समय जिस तरह से उन्होंने निराधार आरोपों को हवा दी, विदेशी एजेंडे को ताक़त दी और करोड़ों निवेशकों के भरोसे को चोट पहुँचाई, वह केवल राजनीतिक अवसरवाद नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के साथ खिलवाड़ था। आज जबकि सच सामने आ चुका है और नियामक संस्था ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, विपक्षी दलों को कम से कम देश और जनता से माफी माँगनी चाहिए। बहरहाल, हिंडनबर्ग प्रकरण ने हमें यह सिखाया है कि किसी विदेशी रिपोर्ट या आरोप को आँख मूँदकर सच नहीं मान लेना चाहिए। इस मामले ने करोड़ों निवेशकों को झकझोरा, अडाणी समूह की छवि को धक्का पहुँचाया और भारत की साख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती दी। परंतु अंततः सच्चाई सामने आई और स्पष्ट हुआ कि यह सब एक रचा-बसा षड्यंत्र था। अब समय आ गया है कि न केवल हिंडनबर्ग, बल्कि इस साजिश में शामिल राजनीतिक ताकतें भी देश और निवेशकों से सार्वजनिक रूप से माफी माँगें। क्योंकि भारत की औद्योगिक प्रगति किसी एक कंपनी की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आर्थिक शक्ति का प्रतीक है।

---

संपादकीय

## मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?

नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छोड़कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं। आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है।




## भोपाल में शूटर्स पर बड़ी कार्रवाई...

# 30 के लाइसेंस सस्पेंड

**न्यूज क्राइम फाइल**

मध्यप्रदेश में शूटर्स को जारी होने वाले लाखों कारतूसों के अपराधियों तक पहुंचने के खुलासे के बाद जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कुल 30 शूटर्स के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए। इनमें से 3 पर आपराधिक केस भी दर्ज है। वहीं, झूठी जानकारी देने के साथ शस्त्रों का व्यापार भी करना मिला। अगस्त में चार दिन चले शूटर्स के वेरिफिकेशन में कई जानकारी सामने आई थी। जैसे- कई शूटर्स का मूल लाइसेंस सेल्फ डिफेंस के लिए है। सेल्फ डिफेंस होकर उनके पास एक या फिर दो शस्त्र हैं। बाद में उनके द्वारा स्पोर्ट्स कैटेगरी में भी उसी लाइसेंस में खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 4 शस्त्र ले लिए गए हैं। इसके साथ जो एम्युनेशन का कोटा स्पोर्ट्स कैटेगरी में है, उसका प्रयोग सेल्फ डिफेंस के लिए किया जा रहा है। इस गड़बड़ी की पूरी रिपोर्ट बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर सिंह को सौंपी थी। इसके बाद शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई।

**इनके लाइसेंस सस्पेंड**

सैयद अयान उद्दीन, फरहान उल हक, अखिलेंद्र सिंह, शफीक खान, मारूफ मोहम्मद खान, मोहम्मद जैद खान, असलम परवेज, आमिर खान, सुवयबा बुखारी, मुस्तफा अली, सानिया खान, निशात खान, फहीम हमन, हसीब खां, अब्दुल अली, सैयद शारिक बुखारी, नासिर सादम अकबर, साद खान, अरशद हसन खान, हर्षित तिवारी, सौरभ कुमार सिंह, समीर खान, कुमारी जुबिया खान, आराश हुसैन, उमर मोहम्मद, सैयद नादिर हुसैन, फैजान खान, फैसल नईम, अब्बास हसन खान और साहिब उर रहमान।

**ये गड़बड़ियां मिली**

■ शस्त्र लाइसेंस के शस्त्र अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के मानकों के अनुरूप खेल कैटेगिरी (स्पोर्ट्स वैपन) का नहीं पाया जाना।

■ शूटर होने का लाभ लेकर शस्त्रों का व्यापार किए जाने। आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद भी झूठी घोषणा पत्र



प्रस्तुत कर शस्त्र लाइसेंस का रिन्युवल करा लिया।

■ शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस एवं उपयोग किए गए और खाली कारतूसों की जानकारी नहीं दी।

■ शस्त्र लाइसेंसियों के अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में लंबे समय तक भाग न लेने।

■ कुछ शूटर्स के विरुद्ध केस भी दर्ज मिले।

**मछली परिवार से जुड़े शाहिद का लाइसेंस भी निलंबित**

बता दें कि प्रशासन की जांच में मछली परिवार से जुड़े शूटर शाहिद अहमद का बंदूक लाइसेंस सस्पेंड करने के साथ ही 80 शूटर्स की गन और कारतूसों का रिकॉर्ड तैयार किया गया था। आपराधिक केस होने के कारण शाहिद मछली का लाइसेंस सस्पेंड किया गया। उसके तीनों हथियारों को जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया। शाहिद के पास .32 बोर की रिवाल्वर, 12 बोर की सेमी आटोमैटिक गन और 30.06 राइफल थी।

**कारतूस का कोटा आधा करने की कही बात**

बैरागढ़ एसडीएम राय समेत पुलिस अधिकाारियों ने जो रिपोर्ट बनाई है, उसमें शूटर्स के कारतूस का कोटा आधा करने की बात कही गई है। कई ऐसे शूटर्स हैं, जो इंटरनेशनल लेवल पर खेलते हैं, जिनके कारतूस का कोटा एक लाख तक है। वहीं, 50 हजार, 15 हजार और 10 हजार तक कोटे वाले शूटर्स भी है। जांच में सामने आया कि इतने कारतूस शूटर्स उपयोग नहीं करते। ऐसे में उनका कोटा 50 प्रतिशत कम करने का सुझाव कमेटी ने दिया है।

**इसलिए जांच की गई**

19 अगस्त को परवलिया थाना अंतर्गत रसूलिया पठार में एक अवैध शूटिंग रेंज में फायरिंग कराए जाने को लेकर एसपी देहात को उक्त संबंध में प्रकरण कायमी के लिए पत्र भी लिखा था। जिस पर से थाना परवलिया ने शारीक बुखारी के खिलाफ कार्रवाई की।

इसके साथ शस्त्र डीलर्स में शाह आर्मरी की शस्त्र दुकान पर पाई गई अनियमितताओं को लेकर के आर्म्स डीलर लाइसेंस निरस्त करने के लिए शासन को भी लिखा है। शूटर्स के आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में अन्य एंजेसियों से जानकारी प्राप्त कर सत्यापन किया गया है। बुखारी का लाइसेंस निरस्त करने का सुझाव भी कमेटी की ओर से दिया गया है।

**शूटर्स से ये जानकारी मांगी गई थी**

■ शस्त्र लाइसेंस के साथ मंजूर शस्त्र लाइसेंस पर स्वीकृत व दर्ज कुल शस्त्रों की संख्या कितनी है?

■ शस्त्र लाइसेंसी द्वारा पिछले 10 साल और शस्त्र लाइसेंस स्वीकृति साल से किस-किस शूटिंग रेंज में कितने दिन प्रैक्टिस की?

■ शूटिंग रेंज में शूटिंग प्रैक्टिस के दौरान अभी तक कुल कितने कारतूस का उपयोग किया गया

■ पिछले 10 साल अथवा शस्त्र लाइसेंस स्वीकृति साल से कुल कितने कारतूस, किनके माध्यम से इम्पोर्ट कर नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इंडिया या वैध शस्त्र डीलर से किस दिनांक को खरीदे गए।

**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
website: www.newscrimefile.com
email: newscrimefile@yahoo.com

त्योंथर में 400 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र बनाने की घोषणा करता हूं।

मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



# स्वदेशी ही था राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के अंग्रेजों से संघर्ष का मूल : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी अपनाने के लिए प्रदेशवासियों को किया प्रेरित**

**गर्व से कहो हम स्वदेशी अपनाएंगे**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में अपना जन्म दिवस मनाकर जनजातीय अंचल धार को किया धन्य**

**न्यूज क्राइम फाइल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वाधीनता संग्राम के अमर बलिदानी राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, उसका मूल %स्वदेशी% ही था। देश में हमारा अपना शासन और कानून होना चाहिए, इस भाव ने ही जनजातीय वीरों को विदेशी ताकतों से संघर्ष के लिए प्रेरित किया। वे अंग्रेजों के आगे कभी झुके नहीं और पिता-पुत्र (राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह) की जोड़ी ने एक लक्ष्य के लिए लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और वे अमर हो गए। राज्य सरकार ने उनके बलिदान स्थल को स्मारक के रूप में विकसित किया है। अपनी संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध राजा शंकर शाह अपने संस्कारों पर सदैव अडिग रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस पर गुरूवार को जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों अमर बलिदानियों को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की।

**अंग्रेजों के सामने नहीं झुके, हो गए शहीद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह दोनों पिता पुत्रों ने रानी दुर्गावती की परम्परा को कायम रखते हुए अंग्रेजों के खिलाफ कविता के माध्यम से आवाज उठाई। उन्होंने अंग्रेजों के सामने सीना ठोककर जंगल, जमीन और अपने राष्ट्र को बचाने के लिए गीतों की रचना की। अंग्रेज उनके विद्रोह को बर्दाश्त नहीं कर पाये और कायरता का परिचय देते हुए उन्हें तोप के मुंह पर खड़ा कर उड़ा दिया गया। अंग्रेजों ने दोनो पिता-पुत्रों को बंदी बनाकर बगैर कोई मुकदमा चलाये उन्हें तोप से उड़ाने का काम किया था। अंग्रेजों ने उनके सामने धर्म बदलने, अंग्रेजी सत्ता को स्वीकार करने और माफी मांगने की शर्त रखी और इसे मान लेने पर उनकी रिहाई के लिए तैयार थे। लेकिन दोनों पिता-पुत्रों ने अंग्रेजों के इस प्रस्ताव को बहादुरी के साथ ठुकरा दिया और कहा कि तोप से उड़ाने के बाद भी यदि वे बच गये तो फिर से अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ गीत लिखेंगे और अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए विद्रोह करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में जन्म और मृत्यु एक बार आती है, लेकिन देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीद हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ऐसे ही शहीद हैं जो हमेशा के लिए अमर हो गये हैं। उनका बलिदान हमें देश सेवा और देश की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से उनके बलिदान दिवस पर मैं उन्हें नमन करता हूं और प्रणाम करता हूं। मां नर्मदा की पवित्र नगरी में गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीदों को स्मरण कर मैं स्वयं भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वदेशी अपनाने का अभियान चल रहा है, विकसित भारत का मार्ग स्वदेशी से होकर गुजरता है। प्रदेश में बहनों ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की अनोखी मिसाल प्रस्तुत की है। हमारे गांव आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के श्रेष्ठ उदाहरण रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने %गर्व से कहो हम स्वदेशी अपनाएंगे% के उद्घोष के साथ उपस्थित जनसमुदाय को दैनिक उपयोग की स्वदेशी सामग्री अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**जबलपुर की धरा जनजातीय वीरों के रक्त से हुई है सिंचित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीनकाल से महकौशल, महावीरों की धरती रही है, जो राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह और राना दुर्गावती जैसी महान विभूतियों के बलिदान को समेटे हुए है। जबलपुर की धरा जनजातीय वीरों के रक्त से सिंचित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शाह वंश का अदम्य साहस, अमर शौर्य और अद्वितीय बलिदान सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मां भारती के चरणों में बलिदान देने वाले महावीर होते हैं।

**अभिनन्दन**



माँ वीणापाणि के आशीर्वाद से अभिसिंचित, पराक्रमी राजा भोज की नगरी धार पधारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मीय अभिनन्दन का गौरवमयी क्षण।

देश-विदेश से अनगिनत शुभकामना संदेशों को पाकर मैं अभिभूत हूं, भावुक हूं। इन संदेशों में अपार आशीर्वाद के साथ-साथ स्नेह का जो भाव है, वो बहुत प्रेरित करने वाला है। आप सब मेरा परिवार हैं। मैं अपने हर परिवारजन का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।
प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी



## चाइना मास्टर्स में पी.वी. सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं

# एन से यंग ने सीधे गेमों में हराया; सिंधु अब तक उनसे नहीं जीत सकी हैं



**न्यूज क्राइम फाइल**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का वर्ल्ड नंबर-1 एन से यंग के खिलाफ हार का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के विमेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में सिंधु को कोरिया की इस खिलाड़ी ने सीधे गेमों में 21-14, 21-13 से हराया। यह मुकाबला मात्र 38 मिनट तक चला। दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु का एन से यंग के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। 23 साल की कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं। एन से यंग पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट हैं। पहले गेम में सिंधु की शुरुआत कमजोर इस मैच में सिंधु की शुरुआत कमजोर रही। पहले 1-6 से पिछड़ने के बाद उन्होंने वापसी की कोशिश की और स्कोर 5-9 तक पहुंचाया। हालांकि, एन से यंग ने बाद में 11-5 की बढ़त बना ली।

सिंधु ने फिर से वापसी की कोशिश की और स्कोर 11-14 तक पहुंचाया, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी। आखिरकार, एन से यंग ने पहला गेम 21-14 से जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधु ने बढ़त बनाई, पर बाद में पिछड़ गईं दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआत में 3-2 की बढ़त बनाई, बाद में एन ने वापसी की और स्कोर को 7-8 तक पहुंचाया और फिर उन्होंने बढ़त 11-7 कर लिया। बाद में एन ने इसे 14-7 कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। अंत में कोरियाई खिलाड़ी ने गेम को 21-13 से समाप्त कर जीत हासिल की। सिंधु हॉन्गकॉन्ग ओपन के पहले दौर में हार कर बाहर हो गई थीं।

# ललित मोदी का भाई रेप केस में गिरफ्तार

**न्यूज क्राइम फाइल**

दिल्ली पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी के भाई और बिजनेसमैन समीर मोदी को गुरुवार शाम दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। समीर मोदी पर एक महिला ने साल 2019 से लगातार रेप, ब्लैकमेलिंग और धोखा देने का आरोप लगाया है। महिला ने 10 सितंबर को दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन में स्हृक्र दर्ज कराई थी। इसके बाद बिजनेसमैन के खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया था। गुरुवार को यूरोप की बिजनेस ट्रिप से लौटने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। दिल्ली की एक अदालत ने समीर को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। साकेत कोर्ट ने समीर मोदी को 2 दिन की और पुलिस रिमांड पर भेजा दिया है। इस बीच, समीर के वकील ने दावा किया कि बिजनेसमैन के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। एडवोकेट सिमरन सिंह ने एक बयान में कहा- स्हृक्र झूठी और मनगढ़ंत फैक्ट्स पर आधारित है। समीर मोदी से पैसे ऐंठने के लिए केस दर्ज कराया गया है।

महिला का आरोप- रेप का खुलासा करने पर हत्या की धमकी दी पुलिस के मुताबिक, महिला का आरोप है कि बिजनेसमैन ने फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री में करियर का मौका देने के बहाने 2019 में उससे संपर्क किया था। समीर ने दिसंबर 2019 में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर उसे बुलाया और जबरदस्ती की।



महिला ने बताया कि बिजनेसमैन ने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ कई बार रेप किया, मारपीट की और ब्लैकमेल किया। महिला जानती थी कि समीर मोदी पहले से ही शादीशुदा है। उसने दावा किया कि रेप का खुलासा करने पर उसे और उसके परिवार को हत्या की धमकी दी गई। महिला ने आरोप लगाया कि समीर ने उसे डराने-धमकाने और झूठे आश्वासन देकर चुप कराने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया।

समीर मोदी के वकीलों का दावा- महिला ने 50 करोड़ की मांग की थी दूसरी तरफ, समीर के वकीलों की तरफ से जारी बयान में दावा किया गया है कि महिला 2019 से समीर मोदी के साथ रिलेशनशिप में थी। दावे के मुताबिक, समीर मोदी ने 8 और 13 अगस्त को अलग-अलग पुलिस अधिकारियों के सामने महिला के खिलाफ जबरन वसूली और ब्लैकमेल करने की शिकायतें दर्ज कराई थीं। समीर के वकीलों ने दावा किया कि उनके पास बिजनेसमैन और महिला के बीच हुई वॉट्सऐप चैट भी है, जिसमें उसने 50 करोड़ रुपए की मांग की है। वकीलों ने दिल्ली पुलिस पर तथ्यों की जांच किए बिना जल्दबाजी में गिरफ्तारी का आरोप लगाया।

समीर पहले पिता की संपत्ति को लेकर विवाद में घिरे समीर मोदी के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वे मोदी इंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, मोदी केयर फाउंडेशन और कलरबार कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर हैं। ललित मोदी, मोदी इंटरप्राइजेज का प्रेसिडेंट है।

यह पहली बार नहीं है जब समीर मोदी विवादों में आए हैं। इससे पहले भी वे कई विवादों में घिरे हैं। पहले अपने पिता केके मोदी की 11,000 करोड़ रुपए की संपत्ति को लेकर विवाद में रहे। समीर मोदी, उनकी मां बीना मोदी और भाई-बहनों के बीच यह कानूनी लड़ाई सालों से चल रही है।

कोर्ट में यह मामला लगातार सुनवाई के दौर से गुजर रहा है। यही नहीं, पिछले साल समीर मोदी ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मां के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर ने गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया की बोर्ड मीटिंग के दौरान उन पर हमला किया।

गुजरात में सहकारी आन्दोलन को गति देने में अहम भूमिका निभाने वाले लक्ष्मणराव इनामदार जी ने सहकारिता को राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाया।
केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह



# भाजपा नेता लेडी कॉन्स्टेबल से बोला- मेरे साथ चलो

## बड़वानी में विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी; विधायक बोले- गिरफ्तार करो



न्यूज क्राइम फाइल

बड़वानी में लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने बीजेपी के सिलावद मंडल अध्यक्ष अजय यादव के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर अजय ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 74, 75, 78 296, 351(3) और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। अजय यादव की तलाश में छापेमारी की जा रही है। एफआईआर के मुताबिक, घटना 17 सितंबर की है। 30 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल सिक लीव पर थी। वह अपनी कार से सामान खरीदने बाजार गई थी। इसी दौरान अजय यादव ने बदतमीजी की। मनावर से कांग्रेस विधायक और जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार न किए जाने पर आंदोलन करने की धमकी दी है।

**आरोपी बोला- मैं तुझे नौकरी नहीं करने दूंगा**

लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने पुलिस को बताया- 17 सितंबर को मैं बाजार गई थी। भारत मार्ट के सामने कार खड़ी कर दुकान में जा रही थी। तभी अजय यादव मेरी कार का गेट खोलकर जबरन अगली सीट पर बैठ गया। उसने बुरी नीयत से मेरा बायां हाथ पकड़ लिया। कहने लगा- तू चल मेरे साथ। मैं तुझे पसंद करता हूं। मैंने हाथ छुड़ाने की कोशिश करते हुए कहा- मुझे तुम्हारे साथ नहीं जाना। तो उसने मुझे गालियां दीं और बोला- तू आदिवासी है, मेरा क्या बिगाड़ लेगी? मैंने हाथ खींचकर खुद को उससे अलग किया तो वह फिर बोला- मुझे तुमसे बात करनी है। मैंने कहा- मैं बात नहीं करना चाहती। इस पर उसने धमकी देते हुए कहा- मैं तुझे बड़वानी में नौकरी नहीं करने दूंगा। तू आदिवासी भीलड़ी क्या कर लेगी? तेरा ट्रांसफर करवा दूंगा। इसके बाद उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी और कार से उतरकर चला गया।

**विधायक बोले- बीजेपी के पद अपराधियों की सुरक्षित जगह बने**

विधायक अलावा ने सीएम डॉ. मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा- बड़वानी में हुई घटना ने पूरे आदिवासी समाज को झकझोर कर रख दिया है। आरएसएस व बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने एक आदिवासी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की। अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह बीजेपी के संगठन और पद बन गए हैं।

# आरटीओ ने यात्री बनकर की बुकिंग, 2 बस जब्त

न्यूज क्राइम फाइल



ऑल इंडिया परमिट की आड़ में लोकल सवारी बैठा रही ट्रेवल्स बसों पर परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। आरटीओ जितेन्द्र शर्मा के निर्देश पर टीम ने यात्री बनकर टिकट बुक करवाए और मौके पर ही बसों को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान अशोक ट्रेवल्स और हमसफर ट्रेवल्स की दो बसों को जब्त किया गया और ऋक्षह ऑफिस भोपाल में खड़ा कराया गया। आरटीओ जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि हमसफर ट्रेवल्स की बस भोपाल से गोवा के लिए जा रही थी, लेकिन टीम ने इसमें भोपाल से इंदौर और इंदौर से बुरहानपुर का टिकट बुक करवा लिया। यह नियमों का उल्लंघन था। वहीं अशोक ट्रेवल्स की बस जो भोपाल से उदयपुर जा रही थी, उसमें भोपाल से इंदौर, इंदौर से देवास की सवारी बैठी पाई गईं। दोनों बसों को मौके पर जब्त कर लिया गया। ड्राइवरों ने माना कि वे रास्ते भर सवारी बैठाते हैं।

**ऑल इंडिया परमिट बसों में लोकल सवारी**

अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार के नए आदेशों के मुताबिक ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट बसें केवल नीयत स्थानों के बीच ही यात्रियों को ले जा सकती हैं। उदाहरण के लिये इंदौर से गोवा के लिए बुकिंग होने पर बस सिर्फ यही दूरी तय कर सकती है। बीच के किसी शहर से सवारी बैठाना नियमों का उल्लंघन है। आरटीओ जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि ऑल इंडिया परमिट की आड़ में लोकल सवारी बैठाने वाली बसों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमी ने महिला के वीडियो सास-ननद को भेजे: ब्लैकमेल कर 2 लाख रुपए लिए, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

न्यूज क्राइम फाइल

उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र की शादीशुदा महिला के अंतरंग फोटो और वीडियो वायरल करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने महिला से 2 लाख रुपए लिए थे, बावजूद इसके उसने फोटो और वीडियो महिला की सास और ननद को भेज दिए थे।

**प्रेमजाल में फंसाया और ब्लैकमेल किया**

नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता ने



बताया कि उसकी शादी 2020 में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। महिला की पहचान उसी क्षेत्र में रहने वाले अंकित राठौर (37) से हुई। आरोपी ने महिला को प्रेमजाल में फंसाकर होटल ले जाकर अनैतिक कार्य किए और फोटो-वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू किया।

**2 लाख रुपए लेने के बाद भी किया शोषण**

महिला ने आरोपी को लगभग 2 लाख रुपए दिए, लेकिन जब उसने और पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने फोटो और वीडियो महिला की मां और ननद को भेज दिए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की।

**टीम गठित कर दबिश, आरोपी गिरफ्तार**

थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीम गठित की गई। आरोपी के निवास और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। इसी दौरान पता चला कि आरोपी लोकमान्य तिलक तिराहा के आसपास देखा गया है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अंकित राठौर को गिरफ्तार कर लिया। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में @ABVPVoice की ज़बरदस्त विजय पर अभाविप संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई।
रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



# सांसद बोले- नसबंदी के बाद बच्चा पैदा करने की सुविधा

## जिला चिकित्सालय में जनार्दन मिश्रा ने कहा- इस तरीके के डॉक्टर दूसरे अस्पताल में नहीं



न्यूज क्राइम फाइल

रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का एक बार फिर अजीब बयान सामने आया। इस बार सांसद ने डॉक्टर्स की समस्याओं पर बोलते हुए कुछ ऐसा कह दिया जो अब चर्चा का विषय बना है। सांसद जनार्दन मिश्र ने रीवा के डॉक्टरों की तारीफ कर कहा नसबंदी के बाद भी अगर बच्चा पैदा करने की स्थिति हो जाए, इस तरीके के डॉक्टर किसी दूसरे अस्पताल में नहीं है। लेकिन यह सुविधा रीवा के जिला अस्पताल में है। दरअसल सांसद ने कहा मानव संसाधन को तैयार करने में बहुत कठिनाई होती है। यहां जिला चिकित्सालय में पर्याप्त डॉक्टर, पर्याप्त नर्स और वॉर्ड बॉय मौजूद हैं। सिविल सर्जन महोदया कह रही थीं कि हमें डायलिसिस के लिए किसी दूसरे अस्पताल की मदद की जरूरत नहीं है। तो बच्चा वॉर्ड में बच्चा पैदा करने के लिए किसी तरह का कोई चैलेंज नहीं है। नसबंदी के बाद फिर बच्चा पैदा करने की सुविधा यहां उपलब्ध है। प्लास्टिक सर्जरी के लिए किसी दूसरी तरह की जरूरत नहीं है। बच्चा पैदा करने की स्थिति उत्पन्न हो जाए वो डॉक्टर दूसरे अस्पताल में मौजूद नहीं हैं लेकिन इस अस्पताल में मौजूद हैं। यह अपने आप में दर्शाता है कि मानव संसाधन के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराने और नर्स उपलब्ध करवाने के लिए कितनी मेहनत लगती है।

### बोले- अस्पतालों का आधुनिकीकरण हुआ, डॉक्टर तैयार करना कठिन

सांसद ने कहा आज हम देखते हैं कि मोदी जी कहते हैं कि हम दोगुनी और तीन गुनी रफ्तार से मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़ाएंगे। 2047 तक डॉक्टरों का अनुपात जो विदेशों में है जनसंख्या की दृष्टि से वहां तक ले जायेंगे। लेकिन डॉक्टर तैयार करना इतना कठिन काम है। पैसा केंद्र की सरकार दे रही है जहां आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब का इलाज भी हो रहा है। अस्पतालों का आधुनिकीकरण हो रहा है और नई नई मशीनें भी आ रही हैं लेकिन डॉक्टर तैयार करना कितना कठिन काम है और जब मोदी जी ने संकल्प लिया है तो 2047 तक यूरोप और अमेरिका के डॉक्टरों की तर्ज पर भारत की स्थिति भी बदलेंगे। यह बहुत बड़ा संकल्प है और मैं यह समझता हूं कि प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग राजेंद्र शुक्ल जी के नेतृत्व में उस काम को आगे बढ़ा रहा है और मोदी जी का जो लक्ष्य है। उस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह पहला मौका नहीं है, जब सांसद जनार्दन मिश्रा अपने बयान को लेकर सुर्खियों में आए हों। वे पहले भी अपने बयानों के कारण चर्चा में रह चुके हैं।

### पढ़िए, जनार्दन मिश्रा के वो बयान जो सुर्खियों में रहे

अगर मैं सांसद नहीं होता तो चाकू चला रहा होता - जून 2024 में एक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कह दिया कि अगर वे सांसद नहीं होते, तो वह चाकू चला रहे होते। उन्होंने कहा था कि छात्र जीवन में वह बिगड़ गए थे। वे अक्सर अन्य छात्रों के साथ मारपीट करते और बीड़ी पीते थे। इस कारण उन्हें स्कूल से रेस्टिकेट भी किया गया था। पति-पत्नी मोबाइल से मोहब्बत करते हैं, बच्चे भविष्य में स्टील के होंगे - नवंबर 2024 में भी उन्होंने एक अजीबोगरीब बयान दिया था। जनार्दन मिश्रा (9 नवंबर) को इंजीनियरिंग कॉलेज के हीरक जयंती कार्यक्रम में कहा था कि आजकल लोग ऑनलाइन शादियां कर रहे हैं। पचास-साठ साल बाद जब ऑनलाइन बच्चे पैदा होंगे तो वह स्टील के होंगे या फिर मांस और हड्डी के होंगे उन्होंने कहा था कि इस चुनौती का समाधान आप इंजीनियर को करना है, क्योंकि मोबाइल आप जैसे इंजीनियरों ने ही बनाया है। मैं किसी का बिस्तर नहीं झांकता, लेकिन अब पति पत्नी साथ-साथ लेटने के बाद भी अपोजिट होते हैं। दोनों मोबाइल से मोहब्बत करके उसी में आहें भरते हैं। दारू, गांजा, गुटखा, थिनर-कुछ भी कर लो, लेकिन जल की कीमत समझो जनार्दन मिश्रा ने एक बार कहा था कि %दारू, गांजा, कोरेक्स पियो चाहे थिनर सल्यूशन सूंघों या फिर आयोडेक्स खाओ, कुछ भी करो लेकिन जल की कीमत समझो।% वे मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में जल संरक्षण और संवर्धन पर कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मिश्रा ने कहा कि बिजली बिल माफ हो सकता है, मुफ्त राशन भी मिल सकता है क्योंकि सरकारें चुनाव के समय बड़े बड़े वादे कर रही हैं। लेकिन, अगर कोई मुफ्त में पानी की बात करे तो वह नहीं मानना, क्योंकि यह संभव नहीं है।

# इंदौर-दशहरा पर शूर्पणखा के रूप में सोनम का पुतला जलेगा

न्यूज क्राइम फाइल

इंदौर में इस बार दशहरा पर शूर्पणखा और उसकी सेना के पुतले जलाएं जाएंगे। शूर्पणखा के पुतले पर इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून पर हत्या करने वाली उसकी पत्नी सोनम का चेहरा लगाया जाएगा, जबकि पतियों की हत्या करने वाली अन्य महिलाओं के चेहरे शूर्पणखा की सेना के पुतलों पर लगाए जाएंगे। पुरुषों के अधिकारों के लिए काम करने वाली पौरुष नाम की संस्था 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन इंदौर के दम्हा लक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड में पुतलों का दहन करेगी। दहन से पहले पुतलों को ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में पूरे शहर में घुमाया जाएगा। पीड़ित परिवारों को आयोजन में बुलाया गया है। पौरुष संस्था ने शूर्पणखा के पुतले बनाने के लिए उसी कलाकार को ऑर्डर दिया है, जो 25 सालों के रावण के पुतले बना रहा है।




### शूर्पणखा के पुतले को लेकर पहली बार उत्सुकता

पुतला बनाने वाले कलाकार कालू ने बताया- पहली बार शूर्पणखा का पुतला बनाने का ऑर्डर मिला है। यह हमारे लिए भी खास है। अलग तरह का महिला पात्र होने के कारण इसे बनाना आसान नहीं है, लेकिन नवरात्रि के खत्म होने से दो-तीन दिन पहले तक हम इसे तैयार कर देंगे। महिला पुतले बनाने में विशेष सावधानी बरती जाती है। हम शूर्पणखा को वैसा ही बनाएंगे जैसा उसे उस काल में दर्शाया गया है। उसकी खूबसूरती उसके चेहरे के भावों में ही छिपी है।

### उद्देश्य पुतले की ऊंचाई नहीं, सामाजिक संदेश

पौरुष संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि शूर्पणखा के पुतले की कीमत क्या होगी, यह तो बनने के बाद ही तय होगा, लेकिन हम इसे हर हाल में करेंगे। इंदौर में हर साल यह ट्रेंड होता जा रहा है कि किसका रावण सबसे बड़ा और ऊंचा है। मुख्य दशहरा मैदान पर तो रावण की ऊंचाई 101 फीट तक पहुंच चुकी है। ऐसे में शूर्पणखा का पुतला भले ही छोटा हो, लेकिन इसका संदेश बड़ा होगा। संस्था के मिलिंद अग्रवाल ने कहा, यह आयोजन किसी खुशी का प्रतीक नहीं है, बल्कि समाज में व्याप्त विकृतियों और विसंगतियों के प्रति चेतावनी है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शादी सोनम से 11 मई को शादी हुई। 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे।

सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी!
नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी



### कहा- खाद वितरण केंद्र पर अपमान किया, पुलिस ने मोबाइल से वीडियो डिलीट कराए

# शिवपुरी में किसान बोला- नायब तहसीलदार ने थप्पड़ मारा...

**न्यूज क्राइम फाइल**

शिवपुरी के करैरा में नायब तहसीलदार विजय त्यागी ने किसान को थप्पड़ मार दिया। किसान खाद वितरण केंद्र पर टोकन लेने के लिए एक लाइन से निकलकर दूसरी लाइन में लगने की कोशिश कर रहा था। घटना शुक्रवार की है। नायब तहसीलदार ने जब किसान को थप्पड़ मारा तो वहां मौजूद अन्य किसानों ने वीडियो बना लिया। पुलिस ने मोबाइल से वीडियो डिलीट करवा दिए। लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर इस घटना का विरोध किया। किसानों का आरोप है कि नायब तहसीलदार ने पुलिस बल का उपयोग कर वीडियो डिलीट कराया था। नायब तहसीलदार ने ही किसान से मोबाइल लेकर वीडियो डिलीट किया था। थाना प्रभारी विनोद छावई का कहना है खाद और टोकन वितरण केंद्र पर पुलिस की तैनाती है। इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। मामला सामने आने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित किसान से फोन पर बात की।



**किसान बोला- थप्पड़ मारकर किया अपमान**

हाथरस गांव का रहने वाला किसान महेंद्र राजपूत खाद का टोकन लेने स्कूल पहुंचा था। महेंद्र ने बताया कि वह पहले टोकन वाली लाइन में खड़ा था, लेकिन जब देखा कि दूसरी लाइन में भीड़ कम है तो वह वहां लगने गया। तभी नायब तहसीलदार विजय त्यागी ने पकड़कर थप्पड़ मार दिया और डांटकर उसी लाइन में खड़े रहने के लिए कहा। किसान का कहना है कि उसका अपमान हुआ है।

**मौके पर पहुंचे कांग्रेसी नेता**

सूचना मिलते ही कांग्रेस के पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह फौजी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान करने के लिए खाद वितरण केंद्र से 5 किलोमीटर दूर टोकन का स्थान रखा गया है। यहां न पानी की व्यवस्था है और न छांव है। यह प्रशासन की लापरवाही है। मान सिंह फौजी ने इस मामले की जानकारी फोन पर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी को दी और नायब तहसीलदार को हटाने की मांग की।


**जीतू पटवारी ने दिया आश्वासन**

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खुद किसान महेंद्र राजपूत से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले में शिवपुरी कलेक्टर से शिकायत कर नायब तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। पटवारी ने कहा कि किसानों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**अफसर बोले- आरोप निराधार**

नायब तहसीलदार विजय त्यागी का कहना है कि किसान बार-बार लाइन तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जिससे अन्य किसान नाराज हो रहे थे। उसे सिर्फ पकड़कर लाइन में खड़ा होने के लिए कहा गया था। थप्पड़ मारने या वीडियो डिलीट कराने का आरोप निराधार है। वहीं, एसडीएम शिवदयाल धाकड़ ने भी घटना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार को केवल व्यवस्था बनाने के लिए टोकन वितरण केंद्र पर तैनात किया गया था। यदि थप्पड़ मारा गया होता तो इसका कोई वीडियो सबूत जरूर होता।

# डॉक्टर की पत्नी से लाखों ठगे, न्यूड वीडियो वायरल किए



**न्यूज क्राइम फाइल**

ग्वालियर में वॉट्सऐप पर हाय से शुरू रिश्ते में फंसकर डॉक्टर की पत्नी ने लाखों गवां दिए। ठग ने खुद को इंग्लैंड का इंजीनियर बताया। फिर प्यार का झांसा देकर न्यूड वीडियो मंगाए। इसके बाद गिफ्ट भेजने के नाम पर पौने चार लाख रुपए ठग लिए। जब महिला ने पार्सल छुड़ाने के नाम पर और पैसे देने से मना किया तो ठग ने न्यूड वीडियो वायरल कर दिए। परेशान होकर पीड़िता ने गुरुवार को क्राइम ब्रांच की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

## इंस्टाग्राम पर फोन नंबर मिलने की बात कही

हजीरा थाना इलाके में रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 17 अगस्त को उसके वॉट्सऐप पर अनजान नंबर से हाय का मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने अपना नाम विपिन कुमार बताया। लिखा कि वह यूनाइटेड किंगडम में इंजीनियर है। महिला ने पूछा कि नंबर कहां से मिला, तो उसने कहा कि यह नंबर उसे इंस्टाग्राम पर मिला। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। दोस्ती कुछ ही दिनों में प्रेम संबंध में बदल गई। विपिन ने महिला की सुंदरता की तारीफ करते हुए फोटो मांगे। फिर न्यूड वीडियो की डिमांड कर दी। भरोसे में आकर महिला ने अपने निजी वीडियो उसे भेज दिए। कुछ दिन बाद विपिन ने महिला को कहा कि वह लंदन से गिफ्ट और डॉलर का पार्सल भेज रहा है। अगले ही दिन महिला को एक फोन आया। कॉलर ने खुद को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफिसर बताया। कहा कि यूके से आया पार्सल अटक गया है। महिला को 15 हजार रुपए कस्टम चार्ज देना होगा। महिला ने उसके बताए बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद फिर कॉल आया। इसमें डॉलर एक्सचेंज फीस के नाम पर 46 हजार ट्रांसफर कराए गए। इसी तरह परमिट कार्ड के नाम 1 लाख 15 हजार, कोरियर वाहन शुल्क के लिए 1 लाख 20 हजार, फिर रसीद चार्ज के नाम 80 हजार रुपए ले लिए गए। ये रकम महिला ने अलग-अलग फोन पे नंबर और बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर की। इस तरह कुल 3.76 लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए। इतनी रकम लेने के बाद भी आरोपी नहीं रुका। उसने महिला से 2.85 लाख रुपए की मांग की। जब महिला ने ये रुपए देने से इनकार किया, तो विपिन ने धमकी दी कि वह उसके न्यूड वीडियो वायरल कर देगा। महिला नहीं मानी तो 17 सितंबर को उसके वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए गए। घबराकर महिला ने अपने भाई को पूरी बात बताई। वह उसे लेकर पुलिस के पास पहुंचा।

**पुलिस बोली- सुराग मिले, आरोपियों को तलाश रहे**

सीएसपी रोबिन जैन ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फ्रॉड करने वालों ने अलग-अलग नंबरों से कॉल कर महिला को ठगा है। कुछ तकनीकी सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में शानदार विजय प्राप्त करने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद #ABVP के सभी प्रतिनिधियों और समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



# जबलपुर में सीएम ने कहा- आदिवासी हिंदू हैं...

## जीजीपी नेता बोले- बरगलाएं नहीं, मंत्री आदिवासियों को लेकर सोच-समझकर बयान दें; पहले इतिहास पढ़ लें

न्यूज क्राइम फाइल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बयान आदिवासी हिंदू हैं पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा कि हम पर जबरन सनातन (हिंदू) धर्म थोपा जा रहा है। हम आदिवासी और सिर्फ आदिवासी हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को शहीद शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वहीं यह बयान दिया था। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राधेश्याम काकोड़िया का कहना है कि चाहे केंद्रीय मंत्री हो या फिर प्रदेश के मंत्री, आदिवासियों को लेकर कोई भी बयान दे, तो सोच समझकर ही बोलें, इतिहास पढ़ें और अगर कुछ नहीं आता है तो गोडवाना के गोकुल में आ जाएं, हम पढ़ाने को तैयार हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि कुछ ताकतें उस समय भी हमें लड़ाना चाहती थीं और अभी भी बहुत सारे ऐसे लोग मिलेंगे, जो फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। उनका इशारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर था। सिंघार ने कुछ दिन पहले कहा था कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं।

### गोंडवाना राजा हिंदू देवताओं की पूजा करते थे

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि शहीद शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के सामने अंग्रेजों ने शर्त रखी थी कि वह हिंदू धर्म छोड़ दें और उनका धर्म अपना लें, लेकिन उन्होंने हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। बल्कि जान देना कबूल कर लिया। आदिवासी हिंदू हैं, कुछ लोगों ने उन्हें लालच दिया कि हम आपको पेंशन दिलवाएंगे। हिंदू धर्म छोड़ना पड़ेगा, पूजा-पाठ छोड़ना होगा पर ये लोग ऐसी मिट्टी की बने हैं, जो भूखे मरने को तैयार हैं पर हिंदू धर्म नहीं छोड़ेंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि आदिवासी के पूर्वज हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करते थे। भारत का आदिवासी हमेशा सनातनी हिंदू रहा है और उसने कभी हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। मैं ऐसा मानता हूं कि सिर्फ शंकर शाह-रघुनाथ शाह नहीं बल्कि उनकी रानियां भी हिंदू देवी माता चंडी की पूजा करती थीं। अंग्रेज हिंदू और आदिवासियों के बीच फूट डालना चाहते थे, लेकिन भारत का आदिवासी हमेशा सनातनी हिंदू रहा है और उसने कभी हिंदू धर्म नहीं छोड़ा।

### आदिवासी नेता बोले-हम हिंदू नहीं हैं

काकोड़िया का कहना है कि सीएम आदिवासियों को बरगला रहे हैं। गोंडवाना साम्राज्य की अलग पहचान है, हमारी अलग संस्कृति है, कल्चर है, अलग पहनावा है, बोली-भाषा है। 1931 के ट्राइबल एक्ट में आदिवासियों को अलग पहचान दी गई थी। आदिवासियों को सनातनी हिंदू बोलना कुठाराघात है।

### सभी धर्मों ने आदिवासियों से कुछ न कुछ सीखा है

काकोड़िया ने कहा कि इस देश में रह रहे हिंदू, मुस्लिम और ईसाई ने आदिवासी संस्कृति से कुछ ना कुछ सीखा है, क्योंकि हम प्रकृति को मानते है और पूरी दुनिया प्रकृति से सीखती है। आदिवासी आविष्कारक है, 194 देश आदिवासी दिवस मनाते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 में हर साल 9 अगस्त को विश्व मूलनिवासी दिवस मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आदिवासी है तो मानवता है, इसलिए हमें किसी धर्म में बांटने की कोशिश ना करें। हम आदिवासी बड़ा देवता को मानते हैं, उनकी पूजा करते हैं।

### बात करना और वास्तविकता देखना अलग है

कांग्रेस विधायक और आदिवासी नेता ओमकार सिंह मरकाम ने भी सीएम के बयान पर आपत्ति की है।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से खड़ा हुआ था मुद्दा

कुछ दिनों पहले मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आदिवासियों के हिंदू होने पर सवाल खड़ा किया था। उनका कहना था कि आदिवासी हिंदू नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में लगभग एक करोड़ 53 लाख आदिवासी हैं, जो मध्य प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 21% है। इनमें सबसे ज्यादा 46 लाख भील आदिवासी हैं। दूसरे स्थान पर 43 लाख के साथ गोंड आते हैं। इसके अलावा मप्र में 46 जनजातियों के लोग रहते हैं। मुख्य रूप से लड़ाई इन्हीं आदिवासियों के वोटों की है। आदिवासियों के बीच में इस मुद्दे को हवा देकर राजनीतिक पार्टियां उन्हें अपने पक्ष में करने में जुटी हैं।

# एसडीएम रात में बेटी को फोन करते, हमें गालियां दीं

न्यूज क्राइम फाइल



सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को एक्स हेंडल पर मुरैना के सबलगढ़ एसडीएम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उनके खिलाफ एक महिला से फोन पर गाली-गलौज करने के आरोप हैं। मुरैना कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर अंकित अस्थाना से एसडीएम अरविंद माहौर की शिकायत वीडियो समेत की थी। इसके बाद कलेक्टर ने उन्हें मुख्यालय अटैच कर दिया था। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रतिवेदन तैयार कर चंबल कमिश्नर को भेज दिया है। चूंकि यह कार्रवाई कमिश्नर स्तर की है, इसलिए निलंबन आदेश वहीं से जारी होगा।

### घर आकर बोला- झूठे केस में फंसा दूंगा

शिकायतकर्ता महिला और उसके पति ने बताया कि एसडीएम ने उनकी बेटी का मोबाइल नंबर पता कर लिया था। पिछले एक साल से देर रात फोन कर गलत बातें करता है। जब उनकी बेटी ने फोन उठाना बंद कर दिया तो रिश्तेदारों को फोन पर धमकाने लगा। एसडीएम ने सबलगढ़ में देवर की दुकान पर पहुंचकर धमकी दी कि तेरी बेटी और तेरी भाभी में बहुत गर्मी है, झूठे केस में फंसा दूंगा। मुझसे बड़ा कोई अधिकारी नहीं है। शिकायत में महिला ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार सामूहिक आत्महत्या को मजबूर हो जाएगा। अब यह प्रताड़ना सहन नहीं हो रही है, इसलिए कलेक्टर से न्याय की गुहार लेकर आए हैं।

### एसडीएम ने जान से मारने की धमकी दी

युवती के चाचा ने बताया, 5 सितंबर को एसडीएम मेरी दुकान पर आए और कहने लगे तुमको बुलाया था, तो क्यों नहीं आए। मैंने कहा कि मैं मजदूरी करता हूं। एसडीएम धमकाते हुए कहने लगे कि अगर समय पर नहीं आया तो पूरे परिवार को फंसा दूंगा। मैं डर के कारण उसी शाम उनके बुलावे पर गया। तब उन्होंने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। मैंने मोबाइल निकाला तो उन्होंने छीन लिया।



छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने पूरे देश को बता दिया है कि देश का युवा सजग है और राष्ट्रहित के लिए समर्पित भी।
शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री

## रोजगारपरक उद्योग लगाने पर सरकार करेगी हर संभव मदद

# निवेश से विन्ध्य एवं त्यौंथर को मिलेगी विकास की नई गति : मुख्यमंत्री

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्योंथर को विकास की नई गति मिलेगी। उद्योगपति रोजगारपरक उद्योग लगायें सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बनारस से आये उद्यमियों के आग्रह पर घोषणा की कि नवम्बर माह में काशी विश्वनाथ की नगरी में इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन होगा। बनारस के उद्यमियों ने भी विन्ध्य क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा जिले के चाकघाट में उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप हम स्वदेशी के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी उद्यमी अपने उद्योग स्थापित करने के लिये आगे आयें, राज्य शासन द्वारा आपको हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम देश में उच्चतम स्तर पर होंगे। उन्होंने उद्यमियों को पराली से संबंधित व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के साथ अन्य क्षेत्र में भी उद्योग स्थापना के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा जिले में मऊगंज व त्योंथर विधानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि की उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी स्वयं अपने पूंजी निवेश से परिसर बनाकर उद्योग स्थापित करते हैं तो उन्हें हम पूरी सुविधा व मदद देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योंथर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के भूमिपूजन की बधाई दी और अपेक्षा की कि इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। पराली की समस्या से निजात मिलेगी तथा जैविक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने जन्म-दिवस पर मध्यप्रदेश में उपस्थित रहे और उन्होंने पीएम मित्र पार्क के माध्यम से इंडस्ट्रियल क्षेत्र को सौगात दी, जो रोजगार उपलब्धता में मील का पत्थर साबित होगा।





### बनारस रामनगर में उद्योगपति करेंगे एक हजार करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया। बनारस रामनगर के 17 उद्योगपतियों और प्रतिनिधियों ने कहा कि रीवा जिले में एक हजार करोड़ का निवेश करेंगे। उद्यमियों के वन-टू-वन चर्चा में रामनगर उद्योग एसोशियेसन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अंगवस्त्रम व काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। डी.एस. मिश्रा अध्यक्ष रामनगर उद्योग संघ वाराणसी, राकेश जायसवाल, दिलीप सिंह अध्यक्ष म.प्र. चावल संघ तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम योजनान्तर्गत उद्यमी अमित गौतम ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद किया। उद्यमियों ने कहा कि प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति से उत्साहित होकर हम प्रदेश में निवेश करेंगे और यह क्षेत्र उद्योग के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरेगा। सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, पूर्व सांसद श्री देवराज सिंह, कमिश्नर श्री बीएस जामोद सहित बड़ी संख्या में बनारस, प्रयागराज, मिर्जापुर और रीवा से आये उद्यमी शामिल हुए।

# कंप्यूटर बाबा ने गौरक्षा के लिए धन संग्रह किया

**न्यूज क्राइम फाइल**

कंप्यूटर बाबा ने ग्वालियर के महाराज बाड़ा पर साधु-संतों के साथ गौ रक्षा और उनकी सेवा के लिए सहायता राशि जुटाई। इस अवसर पर उन्होंने नवरात्र के दौरान मांस बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। इसके अतिरिक्त उन्होंने गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और गौ माता को राजमाता का दर्जा देने की वकालत की। कंप्यूटर बाबा 14 अक्टूबर को भोपाल में गौ रक्षा, उनके भरण-पोषण की व्यवस्था और बूचड़खानों को बंद कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इसी आयोजन के लिए ग्वालियर में राशि जुटाई गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और सनातन धर्म के अनुयायियों से इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। बाबा ने दोहराया कि गौ माता को राजमाता का दर्जा मिलना चाहिए और बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



### बाबा ने कहा-गरबा में हिंदुओं को ही प्रवेश मिले

कंप्यूटर बाबा ने कहा कि सनातन धर्म नवरात्र में मांस बिक्री पर प्रतिबंध की अपेक्षा करता है। गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि गरबा हिंदुओं का कार्यक्रम है और इसमें केवल हिंदू ही शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हिंदुत्व से जुड़ा मामला है, इसलिए संबंधित धर्म के लोग ही इसमें भाग लें। इस अवसर पर उन्होंने धर्मांतरण रोकने के प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के हालिया बयानों पर टिप्पणी करने से कंप्यूटर बाबा ने परहेज किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल (म. प्र.) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 (प्रति सोमवार को प्रकाशित) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।) RNI.NO MPHIN/2015/63623